# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 337 | बिजौलिया - शनिवार, 20 जून ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM


# 16 दिन के लिए खुले तबादलों के रास्ते, सरकार ने हटाया ट्रांसफर बैन

**5 जुलाई तक होंगे स्थानांतरण, महिला व गंभीर बीमार, कर्मचारियों को प्राथमिकता; करीब 5 लाख कार्मिकों को मिलेगा लाभ**

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

प्रदेश के लाखों सरकारी कर्मचारियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। राज्य सरकार ने लंबे समय से लागू तबादला प्रतिबंध हटाते हुए 16 दिनों के लिए स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया है। सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार अब 5 जुलाई तक विभिन्न विभागों में अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादले किए जा सकेंगे। इस फैसले से वर्षों से स्थानांतरण की प्रतीक्षा कर रहे कर्मचारियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि एकल महिला, विधवा, परित्यक्ता तथा कैंसर, हृदय, किडनी, फेफड़े और गंभीर न्यूरोलॉजिकल बीमारियों से पीड़ित कर्मचारियों के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाएगा। यह व्यवस्था सरकारी विभागों के साथ-साथ निगमों, बोर्डों एवं स्वायत्तशासी संस्थाओं पर भी लागू रहेगी।

**ग्रेड थर्ड शिक्षक और स्वास्थ्यकर्मी रहेंगे बाहर**

हालांकि सरकार ने शिक्षा विभाग के ग्रेड थर्ड शिक्षकों को इस प्रक्रिया से बाहर रखा है। वर्ष 2018 से तबादलों का इंतजार कर रहे इन शिक्षकों की मांग फिलहाल अधूरी ही रहेगी। वहीं चिकित्सा विभाग में कार्यरत डॉक्टर, नर्सिंग ऑफिसर, लैब टेक्नीशियन सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों के तबादलों पर भी रोक बरकरार रखी गई है।

**मौसमी बीमारियों के कारण स्वास्थ्य विभाग को छूट नहीं**

सरकार का मानना है कि बरसात और मौसमी बीमारियों के दौर में बड़े पैमाने पर तबादलों से अस्पतालों की व्यवस्थाएं प्रभावित हो सकती हैं। इसी कारण स्वास्थ्य विभाग को फिलहाल स्थानांतरण प्रक्रिया से अलग रखा गया है, ताकि चिकित्सा सेवाएं सुचारू रूप से संचालित होती रहें।

**जनप्रतिनिधियों की सिफारिशों को मिलेगा महत्व**

सूत्रों के अनुसार विभिन्न विभागों में तबादला सूची तैयार करने में जनप्रतिनिधियों की सिफारिशों को भी अहमियत दी जाएगी। भाजपा विधायक और संगठन के पदाधिकारी पिछले कई महीनों से तबादला प्रतिबंध हटाने की मांग उठा रहे थे। विभागीय मंत्री प्रस्तावों और अनुशंसाओं के आधार पर सूची तैयार कर अंतिम स्वीकृति देंगे।



**करीब 5 लाख कर्मचारी आएंगे दायरे में**

प्रदेश में लगभग 2.20 लाख ग्रेड थर्ड शिक्षक और करीब 90 हजार स्वास्थ्यकर्मी इस प्रक्रिया से बाहर रहेंगे। इसके बावजूद लगभग 5 लाख कर्मचारियों के तबादले होने की संभावना है। इनमें पुलिस एवं जेल विभाग के करीब 90 हजार, पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास विभाग के 50 हजार, राजस्व विभाग के 25 हजार, जलदाय विभाग के 20 हजार तथा अन्य विभागों के कर्मचारी शामिल हैं।

**छह महीने से चल रही थी मांग**

तबादलों पर लगी रोक हटाने का मुद्दा पिछले छह महीनों से लगातार राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ था। भाजपा विधायक दल की बैठकों से लेकर संगठनात्मक मंचों तक यह मांग प्रमुखता से उठाई जा रही थी। सरकार के इस निर्णय को कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों दोनों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है।

# अवैध शराब तस्करी मामले में 15 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**एक साल से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने दबोचा, पूछताछ जारी**




**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर ।**

अवैध शराब तस्करी के एक चर्चित मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक वर्ष से फरार चल रहे 15 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की तलाश लंबे समय से की जा रही थी।

पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बुधराज एवं वृत्ताधिकारी सुदर्शन पालीवाल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी लीलाधर मालवीय के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए इनामी आरोपी हामिद मेव को गिरफ्तार किया।

थाना प्रभारी मालवीय ने बताया कि 11 अप्रैल 2025 को पुलिस थाना करेड़ा और डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए करेड़ा थाना क्षेत्र के शिवपुरी गांव स्थित एक बंद सरकारी विद्यालय से हरियाणा ब्रांड की 353 कार्टून अवैध शराब बरामद की थी। मामले में विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच गंगापुर थाना प्रभारी को सौंपी गई थी।

जांच के दौरान पुलिस ने घटना में प्रयुक्त ट्रक जब्त कर लिया था तथा मामले में संलिप्त आरोपी देवीलाल कलाल निवासी शिवपुर तथा महेंद्र सिंह रावत निवासी समिति ताल, देवगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवा दिया था। वहीं मुख्य आरोपी हामिद मेव और फिरोज मेव घटना के बाद से फरार चल रहे थे।

पुलिस ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर 15 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। साइबर सेल भीलवाड़ा एवं दौसा पुलिस के सहयोग से आरोपी हामिद मेव को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अब उससे अवैध शराब तस्करी नेटवर्क और अन्य सहयोगियों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

पुलिस के अनुसार मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश भी जारी है और जल्द ही पूरे गिरोह का खुलासा होने की संभावना है।

# प्री-मानसून की झमाझम बारिश से तरबतर हुआ क्षेत्र, ढेलाणा एनीकट छलका

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)**। क्षेत्र में शुक्रवार को प्री-मानसून की पहली अच्छी बारिश ने गर्मी से राहत देने के साथ किसानों के चेहरों पर भी मुस्कान लौटा दी। तेज अंधड़ के बाद हुई झमाझम बारिश से कई जलाशयों और तालाबों में पानी की आवक हुई, जबकि ढेलाणा गांव का एनीकट ओवरफ्लो होकर छलक उठा।

दोपहर करीब एक बजे मौसम ने अचानक करवट ली और आसमान में घने बादल छा गए। इसके बाद पौने दो बजे तेज हवाओं के साथ बारिश का दौर शुरू हुआ, जो रुक-रुक कर शाम तक जारी रहा। करीब एक घंटे तक हुई तेज बारिश ने पूरे क्षेत्र को तरबतर कर दिया। बारिश का सबसे अधिक असर ढेलाणा गांव में देखने को मिला, जहां शिवसागर तालाब के ऊपर बना एनीकट ओवरफ्लो हो गया और उस पर करीब दो इंच की





चादर चलने लगी। इससे तालाब में पानी की अच्छी आवक हुई। वहीं चावंडिया स्थित चामुंडा माता तालाब में भी पानी पहुंचना शुरू हो गया। बड़ला, ढेलाणा, बनकाखेड़ा, चावंडिया, सोपुरा, सालरिया, खरेड़, पिथास, सोलंकिया का खेड़ा, जित्यास, नोहरा, कुड़ी, बोरखेड़ा, बोर्डियास, खजीना और कांदा सहित आसपास के कई गांवों में अच्छी बारिश दर्ज की गई। खेतों में पानी भर गया, जबकि गांवों की गलियों में पानी तेज गति से बहता नजर आया। कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति भी बनी। बारिश के दौरान बच्चों ने भी जमकर आनंद लिया और पानी में खेलते हुए नजर आए। क्षेत्र में कुल 34 एमएम वर्षा दर्ज की गई।

**किसानों को मिली राहत**

पिछले तीन-चार दिनों से बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के लिए यह वर्षा राहत लेकर आई है। किसानों का कहना है कि इस बारिश से मक्का और कपास की फसलों को लाभ मिलेगा तथा आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों को भी गति मिलेगी।

# शिविरों में अधिकारियों की मौजूदगी सुनिश्चित करें, पात्र लोगों को योजनाओं का अधिकतम लाभ मिले: कलेक्टर

**शहरी-ग्रामीण सेवा शिविरों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश, अनुपस्थित कार्मिकों पर होगी कार्रवाई**



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिले में आयोजित शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविरों के प्रभावी संचालन और आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने शिविरों की प्रगति का जायजा लेते हुए सभी विभागों को राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने कहा कि सेवा शिविरों का उद्देश्य आमजन को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ उनके नजदीक उपलब्ध कराना है। ऐसे में शिविरों में संबंधित विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी और कार्मिक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें तथा प्रत्येक प्रकरण का प्राथमिकता से निस्तारण करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की अनावश्यक अनुपस्थिति पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

संधू ने जिला स्तरीय अधिकारियों को नियमित रूप से शिविरों का निरीक्षण करने और मौके पर पहुंचकर आमजन की समस्याओं के समाधान की निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविरों के माध्यम से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुंचाई जाए, ताकि अधिक से अधिक पात्र व्यक्ति लाभान्वित हो सकें।

बैठक में शिविरों की दैनिक प्रगति, प्राप्त प्रकरणों के निस्तारण और विभागवार उपलब्धियों की समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शिविरों में शामिल 22 विभागों द्वारा अधिकतम कार्यों का निष्पादन कर आमजन को राहत पहुंचाई जाए तथा सभी गतिविधियों का नियमित रिकॉर्ड संधारित करते हुए प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) प्रकाश चंद्र, एडीएम सिटी प्रतिभा देवटिया, जिला परिषद सीईओ चंद्रभान सिंह भाटी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# एमजी अस्पताल में सुरक्षा की खुली पोल: इमरजेंसी के बाहर सरेआम गुंडागर्दी, होमगार्ड कर्मियों के सामने युवक पर लात-घूंसों की बरसात, रक्षक बने रहे मूकदर्शक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत**

शहर के सबसे व्यस्त और सुरक्षित माने जाने वाले महात्मा गांधी जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड के बाहर शुक्रवार शाम कानून-व्यवस्था की धज्जियां उड़ती नजर आई। अस्पताल परिसर में सुरक्षा के लिए तैनात होमगार्ड कर्मियों की मौजूदगी में तीन युवकों ने एक युवक पर लात-घूंसों से हमला कर दिया। घटना के दौरान सुरक्षाकर्मी मौके पर मौजूद रहे, लेकिन हमलावरों को रोकने के लिए कोई प्रभावी हस्तक्षेप नहीं किया गया।

सूचना मिलने पर भीमगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हमला करने वाले तीनों युवकों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार घायल युवक की पहचान आजाद नगर निवासी विवेक शर्मा के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक घटना की शुरुआत अस्पताल के बाहर हुए एक सड़क





हादसे से हुई। विवेक शर्मा अपनी कार से जा रहे थे, तभी एक बाइक उनकी कार से टकरा गई। बाइक पर एक युवक अपने परिवार के साथ सवार था, जो हादसे में सड़क पर गिर गए।

बताया जा रहा है कि हादसे के बाद विवेक शर्मा मौके से भागने के बजाय बाइक सवार परिवार का हालचाल जानने और उनकी मदद के उद्देश्य से महात्मा गांधी जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड तक पहुंचे। इसी दौरान बाइक सवार युवक और उसके साथ आए लोगों ने विवाद करते हुए विवेक पर हमला बोल दिया। देखते ही देखते तीन युवकों ने मिलकर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी।

घटना का सबसे चिंताजनक पहलू यह रहा कि मारपीट अस्पताल परिसर में हुई, जहां सुरक्षा के लिए होमगार्ड कर्मी तैनात थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावर काफी देर तक युवक के साथ मारपीट करते रहे, जबकि सुरक्षाकर्मी मौके पर मौजूद होने के बावजूद उन्हें रोकने में प्रभावी भूमिका निभाते नजर नहीं आए।

अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर हुई इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज और उनके परिजन आते हैं, वहां खुलेआम हुई मारपीट ने सुरक्षा इंतजामों की पोल खोल दी है।

फिलहाल भीमगंज थाना पुलिस गिरफ्तार किए गए तीनों युवकों से पूछताछ कर रही है तथा मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।


**'भीलवाड़ा फोकस'**

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# कम तेल की थाल से स्वस्थ जीवन का संदेश, भाजपा महिला मोर्चा ने चलाया जनजागरूकता अभियान



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भाजपा महिला मोर्चा द्वारा बिजौलिया मंडल में 'कम तेल की थाल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नगर निवासी शीला तंवर के निवास पर किया गया, जिसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा सहित मंडल की कार्यकारिणी, महिला मोर्चा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। महिलाओं ने अपने-अपने घरों से कम तेल अथवा बिना तेल से तैयार किए गए पौष्टिक एवं स्वादिष्ट व्यंजन लाकर प्रदर्शित किए।

# ग्रामीण सेवा शिविर बना राहत का केंद्र, 30 साल पुरानी त्रुटि हुई दूर

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

राज्य सरकार की जनकल्याणकारी पहल के तहत ग्राम पंचायत चांदजी की खेड़ी में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत लेकर आया। शिविर में वर्षों से लंबित राजस्व एवं प्रशासनिक प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया, जिससे आमजन को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से मुक्ति मिली।

शिविर का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक गोपाल लाल शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा, शिविर प्रभारी रामेश्वर बेरवा तथा तहसीलदार ललित कुमार डीडवानिया की उपस्थिति में हुआ। शिविर में 22 विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाया।



पंचायतीराज विभाग की ओर से स्वामित्व योजना के तहत 10 पट्टे एवं प्रॉपर्टी पार्सल वितरित किए गए। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित आवास की चाबी लाभार्थी नंदकिशोर कंजर को सौंपी गई।

राजस्व विभाग ने नामांतरण के 19, रास्ता खुलासा के 4, पत्थरगड़ी एवं सीमाज्ञान के 5, सामलाती बंटवारे के 1 तथा नाम शुद्धिकरण के 6 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया। शिविर का सबसे चर्चित मामला एक ग्रामीण के नाम संशोधन का रहा, जिसका नाम राजस्व रिकॉर्ड में पिछले करीब 30 वर्षों से गलत दर्ज था। रिकॉर्ड में 'मोजिया' दर्ज नाम को संशोधित कर वास्तविक नाम 'मौजीराम' किया गया। वर्षों पुरानी समस्या के समाधान पर मौजीराम ने प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि अब उन्हें अपने दस्तावेजों को लेकर किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

ग्राम सेवा सहकारी समिति चांदजी की खेड़ी द्वारा अल्पकालिक फसल ऋण योजना के तहत माइक्रो एटीएम के माध्यम से तीन किसानों को ऋण वितरण किया गया। अन्य विभागों में प्राप्त शिकायतों और आवेदनों का भी त्वरित निस्तारण कर ग्रामीणों को राहत प्रदान की गई।

इस दौरान विधायक गोपाल लाल शर्मा ने क्षेत्र में खाद की कालाबाजारी की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को निर्धारित दरों पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराए जाएं तथा अनियमितता बरतने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

शिविर में प्रशासक मोहनलाल धाकड़, सह शिविर प्रभारी सुरेश शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी बंशीलाल कुम्हार, गिरदावर संजय पाराशर, पटवारी चेतन मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# मोहर्रम के ताजिए को लेकर थाना परिसर में शांति समिति एवं सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित



**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़।**

माण्डलगढ़ कस्बे में आगामी मोहर्रम पर्व के ताजिए को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर थाना परिसर में पुलिस उपाधीक्षक योगेश शर्मा की अध्यक्षता में सीएलजी सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में डीवाईएसपी योगेश शर्मा ने उपस्थित लोगों से मोहर्रम के ताजिया जुलूस एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान आपसी भाईचारा बनाए रखने तथा प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी आयोजन निर्धारित नियमों एवं प्रशासनिक दिशा-निर्देशों के अनुसार ही किए जाएं। नव नियुक्त पुलिस उप अधीक्षक योगेश शर्मा ने बैठक में कहा कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने, अफवाह फैलाने, सोशल मीडिया पर भड़काऊ सामग्री पोस्ट करने अथवा किसी भी प्रकार से शांति भंग करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कानून तोड़ने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी।

बैठक में सीएलजी सदस्यों, ताजिए लाइसेंसी जन एवं समाज के प्रतिनिधियों ने भी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने का भरोसा दिलाया।

माण्डलगढ़ थाना प्रभारी घनश्याम मीणा ने बैठक में कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा अफवाह की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।

बैठक में थाना अधिकारी, पुलिस अधिकारी, सीएलजी सदस्य एवं विभिन्न समुदायों के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# श्रुत पंचमी महोत्सव पर निकली भव्य जिनवाणी शोभायात्रा, याग मंडल विधान में उमड़ी श्रद्धा

## भजन संध्या व प्रवचन में जिनवाणी के महत्व पर हुआ चिंतन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

**नरेश धाकड़** । श्री सीमंधर जिनालय में चल रहे वार्षिकोत्सव एवं पंचदिवसीय श्रुत पंचमी महापर्व के अंतर्गत शुक्रवार को धार्मिक आयोजनों की धूम रही। जिनेन्द्र भगवान एवं जिनवाणी की भव्य शोभायात्रा के साथ दिनभर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया।

प्रातः 8 बजे जिनालय परिसर से जिनेन्द्र भगवान एवं जिनवाणी की शोभायात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। धर्मध्वजाओं, भक्ति गीतों और जयघोषों के बीच निकली यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर पुनः मंदिर परिसर पहुंची। शोभायात्रा में महिला-पुरुष, युवा एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई।



दोपहर 1:30 बजे पंडित देवेन्द्र कुमार के सान्निध्य में श्री याग मंडल विधान का आयोजन हुआ। विधान के दौरान श्रद्धालुओं ने साधु परमेष्ठी एवं उपाध्याय परमेष्ठी के मूल गुणों का स्मरण करते हुए पूजा-अर्चना की तथा आत्मकल्याण एवं धर्म प्रभावना की मंगल कामना की। विधान में श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति देखते ही बन रही थी।

सायंकाल आयोजित भजन संध्या में भक्ति रस की अविरल धारा बही। भक्तिमय प्रस्तुतियों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इसके पश्चात आयोजित प्रवचन एवं धार्मिक कक्षा में जिनवाणी के महत्व, संयम, सदाचार और आध्यात्मिक जीवन के मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

महापर्व के आयोजन में विभिन्न शहरों से आए विधानकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में ठग परिवार, सेठिया परिवार, दिगम्बर जैन मुमुक्षु मंडल एवं महिला मंडल बिजौलिया का विशेष सहयोग रहा। महोत्सव के दौरान जिनालय परिसर में धर्ममय वातावरण बना रहा और बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# गंगापुर में 'कम तेल की थाली' कार्यक्रम आयोजित



**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चल रहे '12 वर्ष विकास के, विश्वास के एवं जनकल्याण के' अभियान के अंतर्गत भाजपा गंगापुर नगर मण्डल द्वारा 'कम तेल की थाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष अमित तिवाड़ी के नेतृत्व एवं महिला मोर्चा अध्यक्ष दया सैनी के संयोजन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर स्वस्थ एवं संतुलित आहार अपनाने तथा कम तेल के उपयोग के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।कार्यक्रम में प्रकाश पीछोलिया, मोतीलाल गहलोत, विजय लक्ष्मी जीनगर सहित महिला मोर्चा की कार्यकर्ता एवं भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।


# ड्रग फैक्ट्री की जमीन निकली 9 खातेदारों की, अतिक्रमण कर किराए पर दी गई थी जगह; जल्द ढहेगा निर्माण

## तीनों आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने किया मौका निरीक्षण, राजस्व विभाग ने तैयार किया मौका पर्चा

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

चंपापुर गांव की पहाड़ियों के बीच संचालित अवैध एमडी ड्रग फैक्ट्री मामले में जांच आगे बढ़ने के साथ नए तथ्य सामने आ रहे हैं। करोड़ों रुपये की एमडी ड्रग बरामदगी के बाद गिरफ्तार तीनों आरोपियों की निशानदेही पर जांच अधिकारी एवं बडलियास थाना प्रभारी जसवंत सिंह के नेतृत्व में घटनास्थल का मौका निरीक्षण किया गया। इस दौरान राणा जी का गुढ़ा के गिरदावर संजय पाराशर और पटवारी दिनेश चौधरी ने मौके का निरीक्षण कर मौका पर्चा तैयार किया।

राजस्व जांच में सामने आया कि जिस स्थान पर ड्रग फैक्ट्री संचालित की जा रही थी, वह जमीन गुढ़ा निवासी एक राजपूत परिवार के नौ खातेदारों के नाम दर्ज है, जिनमें चार नाबालिग भी शामिल हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार खातेदारों को इस गतिविधि और निर्माण के संबंध में कोई जानकारी नहीं है।



जांच में यह भी सामने आया कि उक्त भूमि पर भंवर बंजारा नामक व्यक्ति ने कथित रूप से अवैध अतिक्रमण कर पक्का निर्माण कर रखा था। इसी निर्माण को उसने ड्रग फैक्ट्री संचालित करने वाले आरोपियों को करीब सात हजार रुपये प्रतिमाह किराए पर उपलब्ध कराया था। इसी मकान में पुलिस ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए 36 किलोग्राम एमडी ड्रग्स समेत ड्रग निर्माण में प्रयुक्त भारी मात्रा में केमिकल और उपकरण जब्त किए थे।

गौरतलब है कि चंपापुर गांव की पहाड़ियों और जंगलों के बीच स्थित इस ठिकाने पर आरोपियों ने एमडी ड्रग बनाने का काम शुरू किए महज दो दिन ही हुए थे। पहली खेप बाजार में पहुंचती, उससे पहले ही मुखबिर की सूचना पर बिजौलिया पुलिस ने दबिश देकर पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश कर दिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने वीरेन्द्र पुत्र हजारीलाल बांछड़ा निवासी मंदसौर, बहादुर सिंह पुत्र गोरू बंजारा निवासी नीमच और बबलू पुत्र श्यामलाल बंजारा निवासी भोपतपुरा को गिरफ्तार किया था, जबकि एक आरोपी अब भी फरार है।

पुलिस द्वारा मौके से 36 किलोग्राम एमडीएमए, 155 लीटर एमएम केमिकल, 30 लीटर हाइड्रोक्लोरिक एसिड तथा 8.50 किलोग्राम कास्टिक सोडा बरामद किया गया था। जांच में यह भी सामने आया कि ड्रग निर्माण प्रक्रिया अंतिम चरण में थी और तैयार माल की सप्लाई की तैयारी चल रही थी।

बडलियास थाना पुलिस रिमांड पर चल रहे आरोपियों से रॉ मैटेरियल के स्रोत, सप्लाई नेटवर्क और इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में पूछताछ कर रही है। पुलिस को आशंका है कि मामले के तार एक बड़े अंतरराज्यीय नेटवर्क से जुड़े हो सकते हैं।

इधर तहसीलदार ललित डीडवानिया ने बताया कि गिरदावर और पटवारी द्वारा मौका निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की गई है। अवैध अतिक्रमण को लेकर राजस्व विभाग की ओर से राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम की धारा 177 के तहत कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। कार्रवाई पूर्ण होने के बाद अवैध निर्माण को ध्वस्त किया जाएगा।

# अवैध बजरी खनन पर बडलियास थाना पुलिस की कार्रवाई, पांच ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**( सांवर वैष्णव ):-** बड़लियास थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शुक्रवार अल सुबह जीवा का खेड़ा गांव के पास से बनास नदी के रास्ते पर पांच ट्रैक्टर ट्राली को जप्त कर मामला दर्ज किया । थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा अवैध बजरी खनन परिवहन करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक सागर के निर्देशानुसार पारस जैन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एवं योगेश शर्मा वृत्ताधिकारी वृत माण्डलगढ के सुपरविजन में जसवंत सिंह थानाधिकारी पुलिस थाना बडलियास द्वारा अवैध बजरी खनन पर की गई । पुलिस ने बताया कि शुक्रवार अल सुबह गोपाल सिंह सहायक उपनिरीक्षक को सूचना मिली कि कुछ लोग टैक्टर-ट्रोलियों में अवैध बजरी भर कर जीवा का खेडा की तरफ आ रहे है तथा कुछ व्यक्ति पुलिस की निगरानी कर रहे है वॉटसएप ग्रुप महाकाल व 123 ग्रुप में पुलिस की लोकेशन दे रहे है । रात्रि डीओ अधिकारी हैड कानि. सांवलदान मय जाप्ता को सुचित किया व रवाना हो जीवा



का खेडा गांव से आगे पहुंचे की बांयी तरफ से कच्चे रास्ते से नदी की तरफ से छ. टैक्टर-ट्रोलियों में बजरी भरी हुई को लेकर आ रहे थे जो पुलिस जाप्ता व सरकारी पुलिस वाहन को देख कर चालक मालिक पांच टैक्टर-ट्रोलियों बजरी से भरी हुई को मौके पर ही छोड कर भाग गये । टैक्टर चालको व मालिकों / अन्य सहयोगीयों द्वारा संगठित अपराध कर बनास नदी में अवैध बजरी भरी पांच टैक्टर-ट्रोलियों को डिटेन कर पुलिस थाना बडलियास पर खडा करवाया गया, वही एक ट्रैक्टर ट्रॉली को चालक लेकर फरार हो गया । जप्त वाहनों व व्यक्तियों पर प्रकरण दर्ज किया गया । प्रकरण में खनिज विभाग को सुचित किया गया । पुलिस टीम :- जसवंत सिंह थानाधिकारी, गोपाल सिंह सउनि पुलिस, सांवलदान हैड कानि, विनोद कुमार कानि, नाहर सिंह कानि, बाबुलाल कानि, हरवीर सिंह कानि आदि कई मौजूद रहे ।


# खजुरिया श्याम मंदिर चोरी प्रकरण का खुलासा, दो और आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।**

खजुरिया श्याम मंदिर में हुई चांदी के छत्रों की चोरी के मामले में गंगापुर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में पूर्व में कई आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का माल भी बरामद किया था। शेष आरोपियों की तलाश जारी थी, जिन्हें अब तकनीकी सहायता और लगातार प्रयासों के बाद दबोच लिया गया।

थानाधिकारी लीलाधर मालवी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बुद्धराज तथा वृत्ताधिकारी सुदर्शन पालीवाल के मार्गदर्शन में मंदिरों में हो रही चोरी की वारदातों की रोकथाम एवं खुलासे के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार खजुरिया श्याम भेरूनाथ सेवा समिति के अध्यक्ष लादूलाल पुत्र भैरूलाल निवासी खजुरिया ने 11 सितंबर 2025 को रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि अज्ञात चोर रात्रि के समय मंदिर से करीब 9-10 चांदी के छत्र चोरी कर ले गए। इस पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।



जांच के दौरान पुलिस ने पूर्व में दुर्गेश, कालूलाल, प्रकाश कंजर एवं राधेश्याम कंजर को गिरफ्तार किया था। उनकी निशानदेही पर चोरी का माल खरीदने वाले ताराचंद सुनार निवासी साडास को गिरफ्तार कर करीब दो किलो चांदी बरामद की गई थी। बाद में वांछित आरोपी जगदीश कंजर को भी गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया।

मामले में शेष फरार आरोपियों की तलाश के दौरान पुलिस ने दुर्गालाल कंजर पुत्र मनोहर कंजर निवासी देवली थाना पुर तथा पप्पूलाल पुत्र बंशीलाल कंजर निवासी देवली थाना पुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है तथा मामले में अन्य तथ्यों की जांच जारी है।




QUICK BITES

## विश्व शांति व अच्छी वर्षा की कामना को लेकर नाहरगढ़ देवनारायण दरबार में रुद्राभिषेक एवं हवन

**भीलवाड़ा फोकस @ बडलियास**



(रोशन )। कस्बे के निकट स्थित नाहरगढ़ देवनारायण दरबार में विश्व शांति, जनकल्याण एवं अच्छी वर्षा की कामना को लेकर श्रद्धापूर्वक रुद्राभिषेक एवं हवन-पूजन का आयोजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि की मंगलकामना की।

अनुष्ठान का विधिवत संचालन आचार्य राजकुमार आचार्य यजुर्वेदिय धनराज शास्त्री, पंकज भट्ट, शिव प्रकाश भट्ट एवं दिपक शर्मा के सान्निध्य में किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर हवन में आहुतियां अर्पित की गई। इस दौरान क्षेत्र में अच्छी वर्षा, विश्व शांति, खुशहाली तथा सभी प्राणियों के कल्याण की प्रार्थना की गई।

धार्मिक आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने देव नारायण भगवान के जयकारों के साथ पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। आयोजकों ने बताया कि ऐसे धार्मिक अनुष्ठान समाज में सकारात्मक ऊर्जा, आध्यात्मिक चेतना एवं आपसी सद्भाव को बढ़ावा देते हैं। गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे

## योग जागरूकता रैली के माध्यम से दिया स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग का संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**




12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुर्वेद विभाग, उपखंड प्रशासन, नगरपालिका एवं पंचायत समिति बिजौलिया के संयुक्त तत्वावधान में 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' थीम पर योग जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

रैली का शुभारंभ नगरपालिका पंचायत चौक, बिजौलिया से हुआ तथा यह नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नवीन भवन, जावदा रोड, बिजौलिया पहुंची। रैली में आयुर्वेद विभाग, उपखंड प्रशासन, नगरपालिका एवं पंचायत समिति के अधिकारी-कर्मचारियों, विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रैली के दौरान प्रतिभागियों ने योग संबंधी नारों एवं योग गीतों के माध्यम से जनसामान्य को योग के प्रति जागरूक किया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। नगरवासियों ने भी रैली का स्वागत करते हुए योग को दैनिक जीवन में अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

नोडल प्रभारी डॉ. संजय नागर ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 21 जून 2026 को प्रातः 7:00 बजे से 8:00 बजे तक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नवीन भवन, जावदा रोड, बिजौलिया में उपखंड स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि वर्तमान वर्ष की थीम 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा नियमित योगाभ्यास से स्वस्थ, सक्रिय एवं निरोग जीवन की प्राप्ति संभव है।

रैली के समापन पर उपस्थितजनों को नियमित योग करने तथा अपने परिवार एवं समाज में योग के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प दिलाया गया।

## शहरी सेवा शिविर के आठवें दिन 5 जन्म एवं 1 विवाह प्रमाण पत्र जारी

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**




**दिलखुश**

नगर पालिका सावर में आयोजित शहरी सेवा शिविर-2026 के आठवें दिन शुक्रवार को प्राप्त आवेदनों का त्वरित निस्तारण करते हुए 5 जन्म प्रमाण पत्र एवं 1 विवाह प्रमाण पत्र जारी किए गए। प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले लाभार्थियों ने राज्य सरकार एवं नगर पालिका प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

शिविर में अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार मीना सहित पालिका अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आमजन की समस्याएं सुनकर उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की। प्रशासन ने बताया कि शिविर के माध्यम से नागरिकों को विभिन्न सरकारी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे लोगों को राहत मिल रही है।

## सड़क किनारे खड़े वाहनों के कारण हुआ हादसा, बेकाबू ट्रक डिवाइडर पर चढ़ा, सुरक्षा रेलिंग क्षतिग्रस्त

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**



**दिलखुश**

सावर कस्बे में गुरुवार देर रात एक बेकाबू ट्रक नगरपालिका क्षेत्र में सड़क के बीच बने डिवाइडर पर चढ़ गया। हादसे में डिवाइडर पर लगी करीब 30 फीट लंबी सुरक्षा रेलिंग क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सावर के मुख्य द्वार के सामने हुई। शुक्रवार सुबह सावर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की सहायता से ट्रक को हटाकर यातायात व्यवस्था को सुचारु कराया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सड़क के दोनों ओर खड़े वाहनों तथा सामने से आ रहे एक अन्य भारी वाहन को बचाने के प्रयास में ट्रक चालक संतुलन खो बैठा, जिसके चलते ट्रक डिवाइडर पर चढ़ गया और सुरक्षा रेलिंग को तोड़ते हुए रुक गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि विद्यालय की दीवार से सटकर तथा मुख्य द्वार के सामने होने वाली अस्थाई वाहन पार्किंग के कारण सड़क संकरी हो जाती है। इससे विशेष रूप से भारी वाहनों के आवागमन के दौरान साइड देने में कठिनाई होती है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

ग्रामीणों एवं राहगीरों ने प्रशासन से मांग की है कि विद्यालय के सामने अव्यवस्थित पार्किंग पर नियंत्रण किया जाए तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# खटवाड़ा में ब्लॉक स्तरीय खरीफ पूर्व कृषक संगोष्ठी आयोजित





**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद ।**

ग्राम पंचायत खटवाड़ा में कृषि विभाग द्वारा ब्लॉक स्तरीय खरीफ पूर्व कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के लगभग 130 महिला एवं पुरुष किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मांडलगढ़ विधायक गोपाल लाल खंडेलवाल ने किसानों को संबोधित करते हुए जैविक एवं प्राकृतिक खेती को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों पर अत्यधिक निर्भरता को कम कर प्राकृतिक संसाधनों आधारित खेती को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। इससे भूमि की उर्वरा शक्ति सुरक्षित रहेगी, उत्पादन लागत में कमी आएगी तथा किसानों की आय में वृद्धि होगी।


संगोष्ठी में कृषि विशेषज्ञों एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत तकनीकों, जैविक खेती, कृषि के मूल मंत्र, फार्म रजिस्ट्री, पशुपालन, उद्यानिकी योजनाओं तथा विभिन्न सरकारी कृषि कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। किसानों को मौसम के अनुरूप फसल प्रबंधन एवं आधुनिक कृषि तकनीकों के उपयोग के बारे में भी जागरूक किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता गोवर्धन वैष्णव, भाजपा नेता उमाशंकर वैष्णव , स्थानीय जनप्रतिनिधि गोपाल जाट, सहायक निदेशक डॉ. प्रकाश चंद्र खटीक, आत्मा उपनिदेशक मीना चौधरी, सहायक कृषि अधिकारी सुरेंद्र कुमार वैष्णव, देवेंद्र कुमार तेली, सेवानिवृत्त कृषि अधिकारी शांतिलाल जैन, वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक महावीर वैष्णव, रामेश्वर गुर्जर, उद्यान कृषि पर्यवेक्षक शिव प्रकाश मेघवंशी, स्थानीय कृषि पर्यवेक्षक हरफूल जाट, दुर्गाशंकर गोस्वामी एवं कनिष्ठ सहायक रतन जाट सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं किसान उपस्थित रहे।

# जन कल्याण शिविर में जनता इंतजार करती रही,जिम्मेदार अफसर ढाई घंटे तक रहे नदारद..

**सुबह 10 बजे शुरू होना था शिविर, दोपहर 12:30 बजे तक नहीं पहुंचे शिविर प्रभारी ओर जिम्मेदार अधिकारी**

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित जन कल्याण ग्रामीण सेवा शिविर उस समय सवालों के घेरे में आ गया, जब ग्राम पंचायत ईटमारिया में निर्धारित समय पर जिम्मेदार अधिकारी ही नहीं पहुंचे। सुबह 10 बजे शुरू होने वाले शिविर में दोपहर 12:30 बजे तक भी शिविर प्रभारी सहित बीडीओ और तहसीलदार के नहीं पहुंचने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिली।ग्रामीणों का कहना है कि वे सुबह से ही अपनी समस्याओं और विभिन्न कार्यों के समाधान की उम्मीद लेकर शिविर स्थल पर पहुंच गए थे, लेकिन अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ा। इंतजार से परेशान ग्रामीणों ने प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि जब शिविरों में जिम्मेदार अधिकारी ही समय पर मौजूद नहीं होंगे तो आमजन की समस्याओं का समाधान कैसे होगा।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरकार ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शिविर आयोजित कर रही है, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही से इनका उद्देश्य ही प्रभावित हो रहा है। शिविर स्थल पर मौजूद लोगों में इस बात को लेकर खासा आक्रोश रहा कि उनकी समस्याओं को सुनने वाला कोई जिम्मेदार अधिकारी समय पर मौजूद नहीं था। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि भविष्य में ऐसे शिविरों में अधिकारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को घंटों इंतजार और परेशानी का सामना न करना पड़े।

कड़क लाइनःजनता समय पर पहुंची, लेकिन जन कल्याण शिविर में जिम्मेदार अफसरों का कहीं अता-पता नहीं था।

# राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने की गौसेवा, बीमार गायों को खिलाया हरा चारा





बिजोलिया । गौ शाला में की गई गो सेवा

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के 56वें जन्मदिवस के अवसर पर ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष रामलाल जाट के नेतृत्व में जिलेभर में विभिन्न सेवा कार्य आयोजित किए गए। इसी क्रम में ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने निष्काम गौशाला पहुंचकर बीमार एवं निराश्रित गौवंश को हरा चारा खिलाया तथा राहुल गांधी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

ओबीसी ब्लॉक अध्यक्ष संजय मालवीय ने बताया कि जिला कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देशानुसार जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए गौसेवा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यकर्ताओं ने गौशाला में गौवंश की सेवा कर समाज में करुणा और सेवा भाव का संदेश दिया।

इस अवसर पर ब्लॉक संगठन महामंत्री शक्तिनारायण शर्मा, सत्यनारायण मेवाड़ा, कमलेश सेन, तूफान यादव, ओबीसी जिला महासचिव जसवंत सोलंकी, पूर्व महिला अध्यक्ष शोभा टांक, एससी ब्लॉक अध्यक्ष कुंज बिहारी मेहर, पंकज धाकड़, युवा नेता हेमंत भदोरिया, कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ के पूर्व अध्यक्ष सतार फौजदार, एससी जिला सचिव शिव मेघवंशी, कमल नायक, अर्जुन तांगड़, जायद मुल्तानी, पप्पू पुरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निष्काम गौशाला के आदित्य गोड, सत्तू कोली, सार्थक, विजय एवं पहलवान सहित गौशाला से जुड़े कार्यकर्ताओं ने भी सहभागिता निभाई।

# संजय कॉलोनी में श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का विश्राम

**श्रीकृष्ण-सुदामा मैत्री एवं परीक्षित मोक्ष प्रसंग का हुआ भावपूर्ण वर्णन, भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की त्रिवेणी है श्रीमद्भागवत - आचार्य शक्ति देव जी महाराज**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**





संजय कॉलोनी स्थित श्री चारभुजा मंदिर में श्री चारभुजा मंदिर सेवा समिति एवं महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित 26वें पाटोत्सव महोत्सव के अंतर्गत चल रही श्रीमद्भागवत कथा के विश्राम दिवस पर व्यासपीठ से आचार्य श्री शक्ति देव जी महाराज ने अपनी ओजस्वी एवं भावपूर्ण वाणी से श्रद्धालुओं को श्रीकृष्ण-सुदामा मैत्री तथा परीक्षित मोक्ष के प्रसंगों का संगीतमय रसपान कराया।

कथा का शुभारंभ श्रीमद्भागवत जी की आरती एवं मंगलाचरण के साथ हुआ। इस अवसर पर आचार्य श्री ने भजन 'सांवरियो है सेठ, म्हारी राधाजी सेठाणी है, या जाण है दुनिया सारी...' प्रस्तुत किया, जिस पर श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो उठे। पूरे पांडाल में भक्तिमय वातावरण छा गया और श्रद्धालु भजनों पर झूमते नजर आए।

कथा के दौरान आचार्य श्री ने श्रीकृष्ण और सुदामा की निष्काम मित्रता का मार्मिक वर्णन करते हुए कहा कि सच्ची मित्रता में स्वार्थ का कोई स्थान नहीं होता। इस दौरान कथा में श्री कृष्ण का अभिनय अदिश समदानी ,सुदामा का प्रकाश देवपुरा तथा द्वारपाल का आशीष गंदोड़ियां ने किया ।

भगवान श्रीकृष्ण ने आचार्य श्री ने कहा कि श्रीकृष्ण का अपने परम मित्र सुदामा के प्रति जो प्रेम, सम्मान और आत्मीयता प्रदर्शित की, वह मानव जीवन के लिए आदर्श है। उन्होंने कहा कि भगवान भक्त के भाव के भूखे होते हैं और सच्चे मन से की गई भक्ति का प्रतिफल अवश्य प्रदान करते हैं।

परीक्षित मोक्ष प्रसंग का वर्णन करते हुए आचार्य श्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की त्रिवेणी है। कथा श्रवण से मनुष्य के जीवन का कल्याण होता है तथा उसे मोक्ष का मार्ग प्राप्त होता है।

अंत में आचार्य श्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं से सनातन की रक्षा करने, बालकों में आध्यात्मिक संस्कार डालने तथा लव जेहाद जैसी घटनाओं से बचने का आह्वान किया। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भजनों एवं प्रसंगों का श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। कथा के समापन पर महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।

समिति के मंत्री अरविंद जैन ने बताया कि कथा के दौरान संजय कॉलोनी माहेश्वरी समाज के दूसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित होने पर श्यामलाल डाड का अभिनंदन किया गया। वहीं लाइट, टेंट एवं डेकोरेशन की उत्कृष्ट व्यवस्था के लिए महेश सोमानी एवं रामप्रसाद सोमानी परिवार का भी सम्मान किया गया। कथा उपरांत व्यासपीठ का पूजन कर आचार्य श्री शक्ति देव जी महाराज को भावभीनी विदाई दी गई।

समिति अध्यक्ष जगदीश देवपुरा ने बताया कि पाटोत्सव महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन विश्व कल्याण की कामना से यज्ञ का आयोजन किया जा रहा था, जिसकी पूर्णाहुति शुक्रवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुई। इसके साथ ही चारभुजा मंदिर में छप्पन भोग का विशेष आयोजन किया गया। महाआरती, प्रसाद वितरण एवं सायंकाल आयोजित महा प्रसादी में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया। चारभुजा मंदिर सेवा समिति के मंत्री अरविंद जैन ने 26 वें पाटोत्सव एवं श्रीमद् भागवत कथा आयोजन की सफलता पर समस्त श्रद्धालु सहयोगियों क्षेत्र वासियों प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी धर्म प्रेमी सज्जनों का आभार व्यक्त किया ह करते हुए आयोजन के दौरान किसी भी प्रकार से हुई त्रुटि के लिए क्षमा मांगी है।

# मानसिक गुलामी त्यागकर स्वाभिमानी बनें, संस्कृति-विरासत पर करें गर्व- स्वामी गोविन्द देव गिरी

## लोकप्रियता से नहीं मिलता सम्मान, श्रेष्ठ आचरण ही असली पहचान: जस्टिस माहेश्वरी





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा,

मूलचन्द पेसवानी

धर्म, शिक्षा, संस्कार और सामाजिक उत्थान का अद्भुत संगम शुक्रवार को भीलवाड़ा में देखने को मिला, जब ए.बी. माहेश्वरी एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा निर्मित अत्याधुनिक श्री प्रभुलाल जगदीशप्रसाद सोमानी माहेश्वरी छात्रावास का भव्य लोकार्पण वैदिक मंत्रोच्चार और संतों के पावन सानिध्य में सम्पन्न हुआ। 200 फीट रिंग रोड स्थित द ग्रीन्स कॉलोनी के समीप बने इस छह मंजिला छात्रावास ने समाज में शिक्षा के नए अध्याय का शुभारंभ कर दिया।

कार्यक्रम के केंद्र में रहे श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के कोषाध्यक्ष और विख्यात धर्मगुरु स्वामी गोविन्द देव गिरी महाराज, जिन्होंने अपने उद्बोधन से उपस्थित जनसमूह में आत्मगौरव, संस्कृति प्रेम और स्वाभिमान की नई चेतना जगा दी।

स्वामी ने अपने ओजस्वी संबोधन में कहा, 'जिस समाज की स्मृतियां और स्वाभिमान समाप्त हो जाते हैं, वही मानसिक रूप से गुलाम बन जाता है। हमें अपनी संस्कृति, परंपराओं और विरासत पर गर्व करना चाहिए।' उन्होंने अंग्रेजी शिक्षा प्रणाली पर कटाक्ष करते हुए कहा कि लॉर्ड मैकाले की शिक्षा व्यवस्था ने भारतीयों को मानसिक रूप से गुलाम बनाने का प्रयास किया, क्योंकि विदेशी जानते थे कि किसी राष्ट्र को कमजोर करना हो तो उसकी शिक्षा और सांस्कृतिक जड़ों पर प्रहार करो।

उन्होंने संतोष जताया कि भारत अब बदल रहा है। शिक्षा प्रणाली में भी बदलाव दिखाई दे रहा है, जहाँ अब इतिहास के वास्तविक नायकों को उचित स्थान मिलने लगा है। स्वामी जी ने युवाओं को संदेश दिया कि डॉक्टर, इंजीनियर या सीए बनने से पहले स्वाभिमानी भारतीय बनना जरूरी है।

उन्होंने नई पीढ़ी में बढ़ती पश्चिमी सोच और परंपराओं से दूरी पर चिंता जताते हुए कहा कि यदि बच्चे अपनी संस्कृति की आलोचना करने लगें तो यह संस्कारों की कमी का संकेत है। उन्होंने युवाओं से शाकाहार अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि 'शाकाहार मानवता का अलंकरण है।'

स्वामी गोविन्द देव गिरी ने शिक्षा को केवल डिग्री तक सीमित न रखने की बात कही। उनके अनुसार शिक्षा का उद्देश्य छात्रों को स्वावलंबी, कौशलयुक्त और संस्कारित बनाना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने पूर्वजों के व्यवसाय या कार्यों के प्रति हीन भावना नहीं, बल्कि गर्व का भाव होना चाहिए।

समारोह के मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश एवं भारतीय विधि आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी ने भी समाज को महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने कहा कि माहेश्वरी समाज आर्थिक पूंजी से अधिक सामाजिक पूंजी के निर्माण में विश्वास रखता है, और यह छात्रावास उसी सोच का जीवंत उदाहरण है।

उन्होंने कहा, 'मनुष्य अपने कौशल से लोकप्रिय हो सकता है, लेकिन हर लोकप्रियता सम्मान नहीं दिलाती। सम्मान के लिए श्रेष्ठ आचरण आवश्यक है।' उनके इस कथन ने सभागार में गहरी छाप छोड़ी। उन्होंने युवाओं को अहंकार त्यागकर विनम्रता, सेवा और नैतिकता के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

हरिशेवाधाम के महामंडलेश्वर हंसाराम महाराज ने सनातन एकता पर जोर देते हुए कहा कि जातिवाद और पंथवाद समाज को कमजोर करते हैं। समाज के कमजोर वर्ग को साथ लेकर चलना ही सच्ची सनातन सेवा है।

विशिष्ट अतिथियों में प्रमुख उद्योगपति एवं समाजसेवी रामपाल सोनी, अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के सभापति संदीप काबरा, सांसद दामोदर अग्रवाल और विधायक अशोक कोठारी ने भी छात्रावास निर्माण के लिए सोमानी परिवार की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह छात्रावास प्रतिभाशाली और जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित होगा।

स्वागत उद्बोधन देते हुए नवनीत सोमानी ने बताया कि लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से बने इस अत्याधुनिक छात्रावास में 104 छात्रों के रहने की क्षमता है। इसमें पूर्णतः सुविधायुक्त एसी कमरे, भोजन कक्ष, कैफेटेरिया, कंप्यूटर लैब, 100 छात्रों की क्षमता वाला हॉल, सीसीटीवी निगरानी और दो लिफ्ट जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य समाज के उन प्रतिभावान छात्रों को बेहतर आवासीय और शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है जो भीलवाड़ा में उच्च शिक्षा, प्रोफेशनल कोर्स या प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आते हैं। यह छात्रावास केवल रहने की जगह नहीं, बल्कि शिक्षा, संस्कार और व्यक्तित्व विकास का केंद्र बनेगा। समारोह के दौरान अतिथियों ने जगदीशप्रसाद सोमानी के जीवन पर आधारित स्मारिका का विमोचन भी किया। मंच पर महामंडलेश्वर अनंतदेव महाराज, पंचमुखी दरबार के महंत लक्ष्मणदास त्यागी सहित अनेक संतों का सानिध्य कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाता रहा।

**घटती संख्या पर जताई चिंता--**

अपने संबोधन में स्वामी गोविन्द देव गिरी ने हिन्दू समाज की घटती जनसंख्या पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यदि समाज को अपनी संस्कृति और अस्तित्व बचाना है तो जनसंख्या संतुलन पर गंभीर चिंतन आवश्यक है। उन्होंने चेताया कि यदि संख्या बल लगातार घटता रहा तो सामाजिक संरचना और सांस्कृतिक पहचान पर गहरा प्रभाव पड़ेगा।

कार्यक्रम में भीलवाड़ा के प्रमुख उद्योगपति, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, पत्रकार और समाज के विभिन्न वर्गों से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में उत्साह, श्रद्धा और सामाजिक एकजुटता का अद्भुत वातावरण बना रहा।

# वरघोड़े के साथ धूमधाम से मनाया मंदिर का 16वां ध्वजा महोत्सव

## जयकारों के बीच मंदिर शिखर पर चढ़ाई वार्षिक ध्वजा, श्रद्धालुओं ने लिया धर्मलाभ


भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

बापूनगर स्थित श्री संभवनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर का 16वां वार्षिक ध्वजा एवं मंदिर वर्षगांठ महोत्सव शुक्रवार को श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उत्साह के साथ संपन्न हुआ। आचार्य श्री निपूणरत्न विजय सूरिश्वरजी म.सा. एवं पूज्य राजरत्न विजयजी म.सा. के पावन सान्निध्य और प्रेरणा से आयोजित महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया।

महोत्सव की शुरुआत सुबह भव्य वरघोड़े से हुई। गाजे-बाजे और तीर्थंकरों के जयकारों के साथ कायमि ध्वजा लाभार्थी प्रभादेवी, मनीष-ममता बापना परिवार के निवास से निकला वरघोड़ा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मंदिर पहुंचा। इसके बाद विधि-विधान से स्नात्र पूजा एवं सत्रह भेदी पूजा का आयोजन किया गया।

शुभ मुहूर्त में तीर्थंकर विमलनाथ भगवान, संभवनाथ भगवान एवं नाकोड़ा भैरव देव के जयघोष के बीच मंदिर शिखर पर वार्षिक ध्वजा चढ़ाई गई। ध्वजारोहण का लाभ प्रभादेवी, मनीष-ममता, प्रणय एवं प्रियांश बापना परिवार ने प्राप्त किया।

इस अवसर पर पक्षाल पूजा, चंदन पूजा, केसर पूजा, पुष्प पूजा, धूप पूजा, दीपक पूजा सहित विभिन्न धार्मिक लाभ समाज



के कई परिवारों ने प्राप्त किए। सभी लाभार्थियों का मंदिर समिति की ओर से सम्मान किया गया।

वार्षिक चढ़ावा कार्यक्रम के दौरान मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने पिछले एक वर्ष में मंदिर परिसर में किए गए विकास एवं सेवा कार्यों की जानकारी दी, जिसकी समाजजनों ने सराहना की। कार्यक्रम का संचालन कुलदीप गुगलिया ने किया।

महोत्सव के दौरान साधार्मिक स्वामी वात्सल्य का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में मंदिर समिति अध्यक्ष मनीष बापना, मंत्री दिनेश गोलेछा, संरक्षक बलवंत मेहता सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। आयोजन की सफलता पर मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना से युवाओं को मिलेगा रोजगार, नियोक्ताओं को भी प्रोत्साहन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

रोजगार सृजन को बढ़ावा देने और विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत शुक्रवार को नगर निगम टाउन हॉल में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नई दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन एवं प्रोत्साहन राशि वितरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया।

प्रधानमंत्री ने देशभर के लाभार्थियों एवं नियोक्ताओं को 2400 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि जारी की। इस योजना के माध्यम से लगभग 15 लाख रोजगारों को सहायता प्रदान की गई है।

कार्यक्रम में सांसद दामोदर अग्रवाल मुख्य अतिथि तथा विधायक अशोक कुमार कोठारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू, एडीएम सिटी प्रतिभा देवटिया, ईपीएफओ के अधिकारी, उद्योग एवं व्यापार संगठनों के प्रतिनिधि, नियोक्ता एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना रोजगार सृजन, रोजगार के औपचारिकीकरण और सामाजिक सुरक्षा के विस्तार की दिशा में केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत पहली बार नौकरी प्राप्त करने वाले पात्र कर्मचारियों को 15 हजार रुपये तक का प्रोत्साहन दिया जाता है,



जबकि अतिरिक्त रोजगार सृजित करने वाले नियोक्ताओं को प्रति कर्मचारी 3 हजार रुपये प्रतिमाह तक की सहायता प्रदान की जाती है।

विधायक अशोक कोठारी ने कहा कि यह योजना युवाओं को सम्मानजनक एवं स्थायी रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे रोजगार के अवसर बढ़ने के साथ देश की आर्थिक प्रगति को भी गति मिलेगी।

जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने कहा कि योजना युवाओं को औपचारिक रोजगार से जोड़ने और रोजगार को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने युवाओं एवं नियोक्ताओं से योजना का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया।

क्षेत्रीय आयुक्त प्रथम एवं नोडल अधिकारी राकेश नायक ने बताया कि योजना के तहत राजस्थान में कर्मचारियों को लगभग 13 करोड़ रुपये तथा संस्थानों को करीब 47 करोड़ रुपये का लाभ वितरित किया गया है।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रतिभागियों को योजना के प्रावधानों, लाभों और रोजगार संबंधी अवसरों की विस्तृत जानकारी भी दी गई।

# 13 साल पुरानी राजस्व त्रुटि का शिविर में समाधान, खिला किसान का चेहरा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

ग्रामीण सेवा शिविर आमजन के लिए राहत का माध्यम बनते जा रहे हैं। जिले के दांथल गांव में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में एक ऐसा मामला सामने आया, जिसका समाधान होने के बाद 13 वर्षों से परेशान किसान के चेहरे पर खुशी लौट आई।

ब्रह्मपुरी निवासी उगमालाल शर्मा के खाते में वर्ष 2013 से बैंक का रहन दर्ज था, जबकि उन्होंने कभी कोई ऋण नहीं लिया था। जानकारी के अनुसार उनके सह-खातेदार उगमालाल पिता कालूजी शर्मा ने बड़ौदा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, दांथल से ऋण



लिया था। एक ही खाते में समान नाम होने के कारण बैंक ने त्रुटिवश उगमालाल पुत्र रामचन्द्र शर्मा के खाते में भी रहन दर्ज कर दिया। इस गलती के चलते उगमालाल शर्मा को वर्षों तक भूमि संबंधी कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीण सेवा शिविर की जानकारी मिलने पर उन्होंने खाता दुरुस्ती के लिए आवेदन प्रस्तुत किया।

शिविर प्रभारी तहसीलदार विनोद कुमार गोखरू एवं नायब तहसीलदार रोनक शर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दस्तावेजों की जांच की। तथ्य सही पाए जाने पर अधिकारियों ने शिविर में ही जमाबंदी रिकॉर्ड दुरुस्त करने के आदेश जारी कर दिए, जिससे वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हो गया।

समस्या का निस्तारण होने पर उगमालाल शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि 13 साल से अटका हुआ काम कुछ ही समय में पूरा हो गया। उन्होंने राज्य सरकार और प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीणों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रहे हैं।

शिविर में सहायक विकास अधिकारी दिनेश कुमार एवं सरपंच लोकेन्द्र सिंह की मौजूदगी में राजस्व, पंचायतीराज, जलदाय, विद्युत सहित विभिन्न विभागों से जुड़े अनेक प्रकरण प्रस्तुत हुए, जिनका मौके पर ही निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान की गई।

## QUICK BITES

# राहुल गांधी के जन्मदिन पर मरीजों को फल एवं बिस्किट वितरित

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 56वें जन्मदिवस के अवसर पर शुक्रवार को राजकीय उप जिला चिकित्सालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा मरीजों को फल, फ्रूट एवं बिस्किट वितरित कर उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की गई।

कार्यक्रम के दौरान कांग्रेसजनों ने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर उन्हें फल एवं बिस्किट वितरित किए। इस अवसर पर राहुल गांधी के जन्मदिन को सेवा एवं जनकल्याण के रूप में मनाते हुए उनके दीर्घ जीवन और स्वस्थ रहने की कामना की गई।

कार्यक्रम में पूर्व जिला परिषद सदस्य अंकित तिवारी, मंडल अध्यक्ष अनिल राव, रामफूल धाकड़, जगदीश सांखला, विशाल तिवारी, ओबीसी जिला महासचिव जसवंत सोलंकी, एससी अध्यक्ष कुंज बिहारी मेहर, कैलाश धोबी, बाबू नायक, संजय वेद, शौकत अली, घनश्याम राजपूत, प्रकाश धाकड़, वंश धाकड़, राहुल धाकड़ सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अम्बेडकर संघर्ष समिति ने किया नगर पालिका ईओ व दंत चिकित्सा अधिकारी का सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



दिलखुश

अम्बेडकर संघर्ष समिति सावर द्वारा शुक्रवार को अध्यक्ष घनश्याम पंवार के नेतृत्व में नगर पालिका सावर के नवनियुक्त अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार मीना एवं उनकी धर्मपत्नी, दंत चिकित्सा अधिकारी डॉ. वैशाली मीणा का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर समिति पदाधिकारियों ने दोनों अतिथियों का साफा, माला एवं शॉल ओढ़ाकर तथा भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि समाज एवं जनसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों का सम्मान समाज के लिए प्रेरणादायक होता है। कार्यक्रम में समिति के संरक्षक सूरजकरण मालावत,पूर्व अध्यक्ष मथुरालाल तुनगारिया,कोषाध्यक्ष कालूराम रेगर, सचिव विनोद पंवार,मदन रेडियां,मदन आलोरिया, उम्मेद सिंह दीदावत,अधिवक्ता महेंद्र मीना, लक्ष्मीनारायण मालावत,छोटूलाल पंवार,मथुरालाल चौहान,कालूराम कुमावत,रतनलाल कहार सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

समिति पदाधिकारियों ने नव नियुक्त अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार मीणा का स्वागत करते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं व्यक्त कीं तथा नगर के विकास एवं जनहित कार्यों में सहयोग का विश्वास जताया।

# योग से निरोगी जीवन का संदेश, भारत विकास परिषद भोजरास का तीन दिवसीय योग शिविर शुरू

भीलवाड़ा फोकस @ आगूचा।



भारत विकास परिषद शाखा भोजरास के तत्वावधान में तीन दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ महात्मा गांधी बालिका विद्यालय परिसर में हुआ। शिविर का उद्देश्य परिषद सदस्यों एवं आमजन को योग और व्यायाम के माध्यम से स्वस्थ एवं निरोगी जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है।

शिविर के प्रथम दिन परिषद सदस्यों एवं मातृशक्ति ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं व्यायाम किए। वक्ताओं ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है तथा व्यक्ति तनावमुक्त जीवन जी सकता है।

इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष अशोक अजमेरा, सतीश मालपानी, राजूलाल जाट, महादेव, दिलकुश, पुष्पेंद्र सहित परिषद के सदस्य उपस्थित रहे। वहीं मातृशक्ति के रूप में कल्पना मालपानी, सुनीता जाट, सुगनी देवी एवं दीक्षा जी सहित कई महिलाओं ने भी योग शिविर में सहभागिता निभाई।

परिषद पदाधिकारियों ने बताया कि तीन दिवसीय शिविर के दौरान योग, प्राणायाम और स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक लोग स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित हो सकें।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होगा सामूहिक योगाभ्यास, प्रशासन ने आमजन को किया आमन्त्रित

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।

राजेन्द्र बबलू पोखरना

उपखण्ड मुख्यालय पर 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून, रविवार को सुबह 6.30 बजे से 8 बजे तक चारभुजा मंदिर परिसर स्थित विशाल डोम में ब्लॉक स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन उपखण्ड प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग ब्लॉक कोटड़ी के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। उपखण्ड अधिकारी तानिया रिणवा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग रखी गई है। योग को जन-जन तक पहुंचाने तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में सभी नागरिकों से परिवार सहित सहभागिता करने का आह्वान किया गया है। वही ब्लॉक आयुर्वेद अधिकारी डॉ. मुकेश वैष्णव ने बताया कि कार्यक्रम में प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में योगाभ्यास कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि नियमित योग करने से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। प्रशासन ने सभी नागरिकों से निर्धारित समय से पूर्व कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने तथा योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की है। कार्यक्रम में ब्लॉक के समस्त विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के सदस्य, मुख्यालय पर संचालित सभी राजकीय व निजी विद्यालयों के कार्मिक एवं बालको के अलावा आमजन भाग लेंगे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।